52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 21.4 °c | अधिकतम 35.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:14 सूर्यास्त : 6:01 | वर्ष : 52/ अंक : 276 | शनिवार, 05 अक्टूबर 2024 | अश्विन, शुक्ल पक्ष, तृतीया | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04


**अमृतवाणी**

कोई आपके रास्ते में गड्ढा खोदे तो, परेशान मत होना, ये वही लोग हैं, जो आपको छलाँग लगाना सिखायेंगे।

दुनिया वैश्विक अनिश्चितता की स्थिति में है लेकिन भारत का आत्मविश्वास कुछ विशेष है : मोदी



भारत बदल रहा है ये जानती है दुनिया.... अपने वतन का लोहा अब मानती है दुनिया.....

# स्थानीय प्रशासन के बसका तो कुछ न हुआ, मुख्यमंत्री ने किये ई- रिक्शाओं पर आदेश

## बुलेटिन की मुहिम का लखनऊ जाकर ही हुआ असर

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** स्थानीय प्रशासन तो कागजों पर लकीरें खींचकर योजनाएं ही तैयार करता रह गया, ऐसे में आम जनता व बुलेटिन की मुहिम का असर लखनऊ से जाकर ही हुआ। शुक्रवार को सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न कार्यों को लेकर एक बड़ी बैठक की, जिसमें एडीजी स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया, जिसमें खुलकर निर्देशित किया गया कि उन्हें पूरे प्रदेश के अंदर नगर के यातायात की समस्याएं चकाचक चाहिएं। सीएम ने अधिकारियों से यह बात खुलकर साझा कि उन तक यह बात समाचार पत्रों के पत्रकारों एवं सम्पादकों द्वारा लिखित रूप से बार बार पहुंचाई जा रही है कि छोटे छोटे नगर में ई- रिक्शाएं कुकुरमुत्तों की तरह घूम रही हैं। न ही इन ई-रिक्शाओं पर किसी प्रकार की कोई पाबंदी है, न ही उनका कोई रूट, न उम्र और न उनका वैरिफिकेशन ऐसे में त्यौहारों से पहले सड़कों पर जाम न लगे इस दशा में सख्ती से कदम उठाएं और तुरन्त ई रिक्शा चालकों का सत्यापन कहीं भी नाबालिग ई- रिक्शा चलाते न दिखें, उनका रूट निर्धारण किया जाये, यातायात को बाधित करने वाली ई- रिक्शाओं व अवैध टैक्सी, टैम्पू, ई रिक्शा स्टैंड बनाने वालों पर तुरन्त कार्यवाही की जाए। उन्होंने लखनऊ का उदाहरण देते हुए बताया कि सर्वप्रथम लखनऊ शहर में ई- रिक्शाओं के रूट व किस रूट पर ई- रिक्शाएं चलेंगी, निर्धारण करने के बाद कार्यवाही अमल में भी ला दी है। अब यही कार्यवाही पूरे प्रदेश में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से तुरन्त अमल में लाई जाए। चूंकि त्यौहार सिर पर हैं और बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ेगी, यदि जाम का कानून व्यवस्था से कोई भी खिलवाड़ किया गया तो उसके परिणाम स्वयं अधिकारियों को ही भुगतने होंगे। इसी क्रम में उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने, किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से अधिक लम्बित न हो, यदि किसी तरह की समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा सीधे मुझसे समय लेकर मिला जाए। लेकिन अनिर्णय की स्थिति कतई मंजूर नहीं की जाएगी। फाइलें किसी भी सूरत में लम्बित न रहें। अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए सीएम ने पुलिस कार्मिकों को ई-पेंशन से जोड़ने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हरेक पुलिस कार्मिक की पदोन्नति समय हो। उनकी चरित्र पंजिका पर सही विवरण अंकित हो और उनकी योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप पदस्थापना मिले और सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो।



## पता नहीं अब भी सीएम के आदेशों को स्थानीय प्रशासन स्वीकार करेगा अथवा नहीं

***मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।*** *लगातार पूरे उप्र में अवैध ई-रिक्शाओं पर हा-हाकार मचने के बाद शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने आदेश तो जारी कर दिये ई-रिक शाओं के सम्बन्ध में क्या-क्या कार्यवाही की जाये। उक्त कार्यवाही को यदि प्रशासन अब भी अमल में नहीं लाता, तो इससे शर्मनाक बात यह होगी जब दीपावली से पूर्व की सड़कों पर सिर्फ ई-रिक्शाओं का ही जंजाल दिखाई देगा। ना तो पैदल चलने वालों के लिए कोई जगह दिखाई देगी और ना ही दोपहिया व चौपहिया वाहनों लिए। सिर्फ ई-रिक्शाओं का राज ही छोटी-छोटी गलियों में चलता दिखाई देगा। ऐसे में शनिवार से ही प्रशासन को उक्त मामले की कमान संभालनी होगी और यदि प्रशासन फिर भी नहीं संभालता तो जिस तरह मुजफ्फरनगर नरक नगर बन चुका है, उसी तरह का तमाशा नेता और जनता देखती ही रह जायेगी।*

## सुरक्षा बलों के साथ अबूझमाड़ मुठभेड़ में 40 नक्सली ढेर

**नारायणपुर, 04 अक्टूबर (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर एवं दंतेवाड़ा की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में शुक्रवार को अपराह्न एक बजे से हुई भीषण मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 40 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एक एके-47, एसएलआर सहित कई अन्य आधुनिक हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद किए हैं। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना प्राप्त होने पर सर्चिंग अभियान के लिए नारायणपुर और दंतेवाड़ा पुलिस की संयुक्त पुलिस पार्टी गई थी। उन्होंने बताया कि बारसूर थाना क्षेत्र के थुलथूली के जंगलों में मुठभेड़ हो रही थी। इससे पहले एसपी कुमार ने कहा था कि घटना स्थल में रुक रुक कर फायरिंग जारी थी। इस मुठभेड़ में सभी जवान सुरक्षित है। नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान जारी है।

# कम्पनी कर्मचारियों और सफाईकर्मियों में टकराव, ईओ बोली-किसी सूरत में नहीं खुलेंगे बंद डलावघर

▶ कूड़े की सियासत कर ना दे शहर में कबाड़ा ▶ नारेबाजी व हूटिंग से नाराज ईओ बैठक बीच में छोड़कर चली गईं ▶ चेतावनी: सफाई में कोताही किसी कीमत पर न होगी बर्दाश्त

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** त्यौहारों पर शहर की सफाई व्यवस्था की तैयारी को लेकर आज आयोजित बैठक शहर के कूड़ाघरों को बंद किए जाने के कारण हुए टकराव में निपट गई। स्थिति यहां तक पहुंची कि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी बैठक बीच में ही छोड़ कर चली गईं। उन्होंने चेतावनी दी कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अड़चन बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि बंद हो चुके डलावघर किसी कीमत पर दोबारा नहीं चालू होंगे।

नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी ने आज त्यौहारों को लेकर नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक बुलाई थी। बैठक में नगर क्षेत्र में शासन के निर्देश पर चेयरपर्सन और ईओ द्वारा डलावघर बंद होने को लेकर सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर पालिका में हंगामा किया। विरोध के बढ़ने पर ईओ सभागार से चली गई। इस बीच सफाई कर्मचारियों ने सभागार में हुटिंग करते हुए हंगामा किया। बाद में ईओ ने मामले से चेयरपर्सन को अवगत कराया। नगर में 28 में से 13 डलावघर पालिका बंद करा चुकी है। इनमें सिटी सेंटर, जिला चिकित्सालय, आर्य कन्या पाठशाला वाली गली समेत शहर के व्यस्त इलाकों में चल रहे ऐसे कूड़ा घर शामिल हैं जो शहर के लिए कलंक बने हुए थे। कूड़े के निस्तारण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती और शासन के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन ने शहर के डलावघर बंद कराने का अभियान छेड़ रखा है। बीते 3 दिनों से शहर में किसी भी डलावघर पर कूड़ा नहीं डाले जाने के साथ आई एम ट्री सी कंपनी द्वारा उक्त कूड़ा मखियाली में बने सेंटर पर भेजा जा रहा है। इन 3 दिनों में शहर की व्यवस्था अच्छी चली आ रही थी। मामले में उस वक्त राजनीतिक रूप ले लिया, जब सफाई कर्मचारी संघ के पूर्व पदाधिकारी कुछ सफाई नायकों के साथ पालिका चेयरपर्सन के आवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने अपनी समस्याओं को रखने के साथ बताया कि सभी डलावघर एक साथ बंद होने से परेशानी हो रही है। वहीं नगर से मखियाली काफी दूर है। ऐसे में रेहडों से कूड़ा लेकर वहां नहीं जा सकते हैं। चेयरपर्सन ने ईओ को सफाई कर्मचारियों से वार्ता करने के लिए कहा। इस बीच ईओ प्रज्ञा सिंह ने पालिका सभागार में कर्मचारियों के बीच पहुंची। वार्ता शुरू होते ही कुछ सफाई कर्मियों ने हंगामा कर दिया। यह देख ईओ ने स्पष्ट किया कि समस्या समाधान के साथ सफाई मुख्य मुद्दा है, जिसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी। कर्मियों द्वारा बात सुनने के बजाए हंगामा करने पर ईओ सभागार से वापस अपने कार्यालय में चली गई। ईओ के जाते ही वहां पर मौजूद सफाई कर्मचारियों ने इस बीच नारेबाजी करने के साथ ही हुटिंग भी की, जिसकी शिकायत ईओ ने चेयरपर्सन को करते हुए मामले से अवगत करा दिया। नगर की सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा में शुरू हुई कवायदों के बीच कंपनी के परियोजना प्रबंधक पुष्पराज सिंह, सैकेंड्री पाईंट इंचार्ज कुलदीप पुंडीर, जोन इंचार्ज अनुभव त्यागी, मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार, सफाई निरीक्षक प्रलक्षा मैनवाल समेत पालिका के सभी सफाई नायक, सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।



***इन्होंने कहा-*** *ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह का कहना है कि शासन के निर्देश पर डलावघरों को बंद किया गया है। बीते तीन दिन डलावघर बंद होने के कारण क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था बेहतर रही है। वहीं डलावघरों पर कूड़ा नहीं आया है। कुछ प्राइवेट सफाई कर्मचारी व्यवस्था को बिगाड़ने में लगे हुए हैं। कूड़े को बेचने को उक्त लोगों द्वारा ठेका दिया है। इसमें पालिका के कई सफाई नायकों की भी इस बीच भूमिका संदिग्ध बनी हुई है।*

# पिछले चार दिनों से लापता व्यापारी व भाजपा नेता राजेश संगल अयोध्या से सकुशल बरामद

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** चार दिन पूर्व रहस्यमयी परिस्थितयों में गायब हुए बुढ़ाना कस्बे की तहसील कालोनी निवासी राजेश संगल आज अयोध्या से सकुशल बरामद हो गये। आपको बता दें कि राजेश संगल का बुढ़ाना में कपड़े का व्यापार है और वे भाजपा से भी जुड़े हुए हैं। चार दिन पूर्व राजेश संगल का मोबाइल गायब होने के बाद फुगाना क्षेत्र के हबीबपुर के जंगल में पड़ा मिला था, जबकि अगले दिन भभीसा चौकी के पास से उनकी बाइक लावारिस अवस्था में मिली थी। मोबाइल और बाइक वापस मिलने के बाद ऐसा माना जा रहा था कि अब राजेश संगल सकुशल मिलेंगे भी या नहीं कभी अपहरण तो कभी कोई अन्य अनहोनी होने के कयास लगाये जा रहे थे, मगर परिवार के लोगों को ऐसा अहसास नहीं था कि एकाएक राजेश संगल के साथ ऐसा हो जायेगा। दरअसल उक्त पूरे घटनाक्रम में यह माना जा रहा है कि राजेश संगल व्यापारिक रूप से तंग चल रहे थे, ऐसे में कहीं किसी कर्जदार ने उनके साथ किसी घटना को अंजाम तो नहीं दे दिया, मगर शुक्रवार को जब व्यापारी राजेश संगल अयोध्या से सकुशल बरामद हो गये तो परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की पूरी जानकारी कल तक सामने आयेगी। मगर फिलहाल यह जानकारी मिली है कि व्यापारी अलग अलग स्टेशनों से बस और ट्रेन बदलते हुए अयोध्या पहुंचे। इस बीच वो कभी कानपुर तो कभी किसी अन्य शहर में वो देखे गये।



### परिवार से पहले बुलेटिन को मिली सूचना, परिवार ने जताया राज्यमंत्री का आभार

**मुजफ्फरनगर।** चार दिन से गायब राजेश संगल की सूचना सर्वप्रथम मुजफ्फरनगर बुलेटिन को प्राप्त हुई, जिसकी सूचना सोशल मीडिया पर चलते ही परिवार के करीबियों का बुढ़ाना से फोन आया कि राजेश संगल बुलेटिन को कैसे मिल गये, अभी घर तक तो पहुंचे नहीं हैं। बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ ने उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि आप चिंता न करें राजेश संगल सकुशल पुलिस को मिल गये हैं और आप इसकी कन्फारमेंशन करना चाहते तो राज्यमंत्री कपिल देव से कर सकते हैं। परिवार के लोगों ने मंत्री कपिल देव अग्रवाल से सम्पर्क किया तो उन्होंने बताया कि उक्त जानकारी पूरी तरह से पुष्ट है और कल तक राजेश संगल आपके बीच सकुशल पहुंच जायेंगे। यह बात सुनकर परिवार के चेहरे खिल उठे और उन्होंने मंत्री कपिल देव अग्रवाल का आभार प्रकट किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि चूंकि राजेश संगल व्यापार जगत व पार्टी से जुड़े हुए भी हैं, ऐसे में उन्होंने उनकी बरामदगी के प्रयास के लिए प्रदेश के आला अधिकारियों और स्वयं मुख्यमंत्री से इस सम्बंध में बात की थी और पूरी टीम दिन रात मेहनत कर-के उक्त कामयाबी हासिल कर पाई है।

# कलेक्ट्रेट में मनोरंजन विभाग दफ्तर की छत का गिरा मलबा

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** कलेक्ट्रेट के पुराने भवन एक के बाद एक लगातार दरकने शुरू हैं, लेकिन जिम्मेदार मामले में कोई कदम उठाने के बजाए सिर्फ विकल्प तलाशने से अधिक कुछ करते दिखाई नहीं देते हैं। पूर्व में कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय के भीतरी कक्ष के यूं ही

### कैबिन में नहीं था उस वक्त कोई, टला हादसा

भरभराकर गिर जाने के बाद अफसरों ने उक्त भवन को गिराने के साथ जिला पंचायत सभागार के एक कोने को अस्थाई रूप से कब्जे में लेकर डीएम कार्यालय शुरू कर दिया, लेकिन टूटे हुए भवन की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट में चकबंदी अधिकारियों की छत कई माह तक टूटी रहने के बाद में ठीक कराई थी, अभी इसी भवन का कुछ भाग पुराना होने के साथ जर्जर हालत में है, वहीं रिकार्ड रूम का बड़ा भाग ऐसी हालत में हादसों को निमंत्रण दे रहा है, मगर सुधार की उम्मीद में रोज एक दिन बीत रहा है। सरकारी काम अपनी धीमी गति से चलता है, यह बात सुनी जाती रही है, लेकिन अपनों की जान जोखिम में डालकर जिम्मेदार इस हद तक पहुंच जाएंगा, ऐसा बहुत कम सुनने को मिलता है। शुक्रवार दोपहर रोजमर्रा की तरह मनोरंजन विभाग का कार्यालय भी खुला और प्रोबेशन विभाग से जुड़ी कर्मचारी बाहरी परिसर में बैठी अपना काम देख रही थी, तभी कार्यालय के भीतरी क्षेत्र में जोर की आवाज हुई, जिसे सुनते ही वहां भगदड़ मच गई। बेहतर रहा कि उस वक्त दफ्तर में मैडम नहीं थी, वहीं पास में रखा हुआ कंप्यूटर भी ऊपर से गिरे मलवे की जद में आने से भी बच गया, नहीं तो कलेक्ट्रेट में बड़ा हादसा भी हो सकता था। कहना गलत न होगा कि कलेक्ट्रेट में मनोरंजन कार्यालय के इस भवन के साथ सामने रिकार्ड रूम में बड़ी संख्या में जर्जर भवन हादसों को प्रायः निमंत्रण दे रहा है, जिसमें सुधार के राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने अधिकारियों को जर्जर भवन के पुनःनिर्माण कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन बदलाव की दिशा में अभी तक कोई सुधार कलेक्ट्रेट में होता नजर नहीं हो रहा है।




## माँ दुर्गा की तृतीय शक्ति

**॥चन्द्रघण्टा॥**



पिण्डजप्रवरारूढा चण्डकोपास्त्रकैयुर्ता।
प्रसादं तनुते मह्यं चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

शेष - पृष्ठ-4 पर

# बुलंदशहर में पुलिस और पीएसी पर पथराव

**बुलंदशहर, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** शहर के गद्दिवाड़ा इलाके में ईशा की नमाज के बाद अचानक आक्रोशित लोगों ने नारेबाजी करते हुए पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव की सूचना पर पीएसी की एक बटालियन मौके पर भेजी गई, लेकिन नमाजियों ने उन पर भी पथराव कर दिया। इस पत्थरबाजी में सिकंदराबाद कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर रवि रतन समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल

### पत्थरबाजी में सिकंदराबाद प्रभारी समेत कई घायल

में भर्ती कराया गया। बुलंदशहर जिले में शुक्रवार दोपहर के समय जुमे की नमाज के दौरान तो सबकुछ शांत रहा, लेकिन शाम के समय ईशा की नमाज के बाद समुदाय विशेष का गुस्सा फूट पड़ा। महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती के बयान को लेकर लोग विरोध प्रदर्शन करने लगे। गद्दिवाड़ा इलाके में बड़ी संख्या में नमाजियों की भीड़ जमा हो गई। प्रदर्शन की सूचना पर सिकंदराबाद कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर रवि रतन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास करने लगे। काफी देर तक उन्होंने लोगों से प्रदर्शन खत्म करने की मांग की, लेकिन लोग शांत नहीं हुए। इसी दौरान नमाजियों की भीड़ में शामिल कुछ अराजकतत्वों ने पुलिस टीम पर पथराव करना शुरू कर दिया। पथराव होता देख मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान प्रभारी इंस्पेक्टर रवि रतन पत्थर लगने से घायल हो गए। जैसे ही बवाल ही सूचना पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों की हुई तो आनन-फानन में पीएसी की एक बटालियन भेजी गई। ढअउ की टीम को देख नमाजियों ने उस पर भी पथराव कर दिया। मौके पर भारी फोर्स के साथ पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने उपद्रवियों को खदेड़ा और हालात को काबू में किया। वहीं घायल इंस्पेक्टर रवि रतन को अस्पताल में भर्ती कराया। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं जिले के आला अधिकारी भी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि पथराव करने के मामले में दो मुकदमे पुलिस ने दर्ज किए हैं। 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। शांति-व्यवस्था कायम करने के लिए भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। सेक्टर और जोन में बांट कर पुलिस अधिकारी और मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है।



### मुस्लिम समुदाय की युवती ने मंदिर में प्रेमी संग किया विवाह

**बरेली, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** बरेली के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मुस्लिम युवती मुस्कान ने अपने प्रेमी सुमित यादव के साथ विवाह कर लिया है। दोनों के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मंदिर में दोनों ने प्रेम विवाह किया। उसका वीडियो सामने आया है, जिसमें उसने अपनी और पति की जान का खतरा जताकर पुलिस से सुरक्षा मांगी है। मुस्कान के घर से लापता होने के बाद उसके पिता इरफान ने बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गांव निवासी सुमित यादव व उसके परिजनों पर बेटी को गुमराह कर ले जाने का आरोप लगाया था। इसे लेकर गांव में दोनों पक्षों के बीच मनमुटाव व मारपीट की बात सामने आई थी। कार में तोड़फोड़ के आरोप भी लगे थे। अब मुस्कान ने दीपक के साथ शादी के फोटो व वीडियो वायरल किए हैं। प्रेमी युगल देवी मंदिर में दिख रहे हैं। सुमित उसकी मांग में सिंदूर भर रहा है। मंदिर में कुछ और लोग भी हैं। मुस्कान ने बताया कि वह बालिग है। उसने अपनी पसंद से सुमित से शादी की है और बेहद खुश है।

# मोदी के करीब अपने सांसद के बंगले में रहेंगे केजरीवाल

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** शराब घोटाले में फंसने के बाद इस्तीफा देने और मुख्यमंत्री आवास छोड़ने का ऐलान करने वाले पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज फ्लैगस्टाफ रोड वाला बंगला छोड़ दिया है। अब वे 5, फिरोजशाह रोड के बंगले पर रहेंगे

### मुख्यमंत्री आवास में कौन रहेगा, ये तय नहीं

जो उनकी पार्टी के सांसद अशोक मित्तल को एलॉट किया गया है।

मुख्यमंत्री के रुप में पिछले करीब दस साल से अरविंद केजरीवाल अब तक 6, फ्लैगस्टाफ रोड, सिविल लाइन में रहते आए थे। यहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आवास 7, लोक कल्याण मार्ग करीब 14 किलोमीटर दूर था। दिल्ली के आम दिनों की ट्रैफिक में यह दूरी करीब एक घंटे में तय हो सकती है। लेकिन अब वे लुटियन जोन में आ गए हैं। पार्टी सांसद अशोक मित्तल को 5, फिरोजशाह रोड पर बंगला एलॉट हुआ है। अब केजरीवाल अपने परिवार के साथ यहीं रहेंगे। इस बंगले से प्रधानमंत्री के आवास की दूरी केवल पांच किलोमीटर ही रह गई है। नई संसद तो इससे भी आधी यानी करीब 2.4 किलोमीटर ही रह गई है। यानी इस नए बंगले में आकर अरविंद केजरीवाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और करीब आ गए हैं। अब वे ज्यादा जोर से भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने की कोशिश कर सकेंगे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि केजरीवाल के बाद मुख्यमंत्री वाले बंगले में कौन रहेगा, लेकिन इतना साफ है कि दिल्ली सरकार किसी भी हालत में इसे अपने नियंत्रण में रखेगी। इस बंगले के निर्माण और साज-सज्जा में भारी अनियमितता होने के आरोप भाजपा लगाती आई है। यदि किसी भी कारण से चुनाव के पहले इस बंगले पर उपराज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार का नियंत्रण हो जाता है तो बंगले से वे जिन्न बाहर आ सकते हैं जो अरविंद केजरीवाल के लिए नई मुसीबत बन सकते हैं। चतुर राजनेता बन चुके केजरीवाल चुनावों के बीच गलती से भी ऐसा अवसर भाजपा को नहीं देंगे। लिहाजा माना जा रहा है कि यह बंगला मुख्यमंत्री आतिशी मारलेना को आवंटित किया जा सकता है।



# सुबह से रात तक बिजली ठप रहने से मचा हा-हाकार

▶ देर रात बिजली आपूर्ति बहाल होने से अंधेरा हुआ खत्म

**मुजफ्फरनगर, 4 अक्टूबर (बु.)।** मंत्री से लेकर पावर कॉरपोरेशन के आला अफसर तक पूरे जोर लगा चुके हैं, लेकिन शहर की बिजली आपूर्ति की स्थिति बेकाबू है। आज आधा शहर बिजली अधिकारियों की लापरवाही और निकम्मेपन के चलते अंधेरे में डूबा रहा। दोपहर बारह बजे तक लिया गया शट डाउन देर रात भी सुलट नहीं पाया तो लोगों का धैर्य जवाब देने लगा।

वैसे तो आम तौर पर बिजली विभाग प्रतिदिन जिस तरह से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के लिए समय की सूचना जारी करता है, वह हमेशा उसके दिए समय से कई कई घंटे अधिक ही रहती है। लेकिन आज तो हद हो गई। बिजली विभाग से कल जारी की गई सूचना में कहा गया था कि 33 केवी लाइन के निकट आ रहे पेड़ों की छंटाई कार्य के चलते शुक्रवार यानि आज सुबह नौ से 11 बजे तक रुड़की रोड से निर्गत इलाकों की बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा पावर ग्रिड द्वारा निर्मित 132 केवी बिजली लाईन के नीचे से गुजर रही 33 केवी डबल सर्किट शामली रोड, मिमलाना रोड लाईन में क्लीयरनेस करने हेतु उक्त लाइनों पर कार्य के चलते शामली एवं मिमलाना रोड बिजलीघरों की विद्युत आपूर्ति प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक बाधित रहने की सूचना दी गई थी। इसके चलते सुबह से इन दोनों बिजली घरों से जुड़े बड़े हिस्से में बिजली गायब रहने से लोग त्राहि-त्राहि कर उठे। सुबह से लोग शाम और रात तक बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन रात तक भी आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो उनके सब्र का बांध टूटने लगा। इसके चलते शामली रोड, गौशाल रोड, मिमलाना रोड, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी, सुथरा शाही, भगत सिंह रोड, रामलीला टीला समेत तमाम इलाकों में आपूर्ति ठप रही। इसके चलते बिजली आने से घरों में इन्वर्टर ठप हो गए। फोन की चार्जिंग के लिए लोग भटकते रहे। घरों में पानी की किल्लत की वजह से लोग परेशान रहे। शाम तक फोन उठा रहे अधिकारियों ने रात में फोन भी उठाना बंद कर दिया। अधिकारियों ने देर रात बस इतना जवाब दिया कि अभी फाल्ट ही नहीं मिल पाया है। उनका कहना था कि करीब बीस किलोमीटर लंबी लाइन जंगल के इलाके से आती है। ऐसे में फाल्ट का पता ना चल पाने के कारण इसे दुरुस्त करने में बाधा आ रही है। इसके लिए विभाग की टीमें लगी हैं।



### चीफ इंजीनियर बोले

आज आपूर्ति में बाधा का कारण फाल्ट अंडर ग्राउंड केबल में होना था। बाईपास और फ्रेट कॉरीडोर के लिए बिछाई गई अंडर ग्राउंड केबल में बधाई कलां के पास फाल्ट रहा। चार केबिल हैं। इनमें खराबी से स्थिति गड़बड़ाई। देर रात आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

**पवन कुमार अग्रवाल**
मुख्य अभियंता
डब्ल्यूयूपीसीसीएल

# गलत आख्या देने पर जिलाधिकारी ने बीडीओ शाहपुर को दिया नोटिस

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** एक ग्रामीण द्वारा प्रधान और अफसरों से शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के विपरीत जांचाख्या देने के कारण डीएम

▶ सीएम पोर्टल पर की गई थी जल भराव की शिकायत, सात अक्टूबर तक मांगा जवाब

उमेश मिश्रा ने बीडीओ शाहपुर को नोटिस जारी करते हुए उनका स्पष्टीकरण तलब किया है।


शाहपुर निवासी नितिन कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल आईजीआरएस पर 24 जून 2024 को शिकायत की गई थी कि मौहल्ले में पानी की निकासी न होने तथा बरसात के मौसम में मौहल्लावासियों के घरों में पानी भर जाने एवं गन्दे पानी की वजह से बीमारी फैलने की समस्या के समाधान के लिए ग्राम प्रधान एवं बीडीओ तक कई बार अवगत कराये जाने के उपरान्त भी समस्या पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। इस शिकायत का निस्तारण करने के दौरान बीडीओ शाहपुर राजीव कुमार ने 26 जुलाई 2024 को अपनी जांचाख्या भी दे दी थी, इसमें बीडीओ द्वारा कहा गया कि शिकायतकर्ता की शिकायत पर उनके आवास की जांच मौके पर जाकर की गई, जिसमें उनके आवास की दीवार पक्की ईंटों से बनी होने के कारण उसको पक्के मकान हेतु अपात्र होने की बात कही गयी है। इस सम्बंध में डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायत के विपरीत जांचाख्या देने और शिकायती प्रार्थना पत्र का गुणवत्तापरक निस्तारण न किये जाने के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए बीडीओ शाहपुर राजीव कुमार से सात अक्टूबर तक लिखित स्पष्टीकरण उनके कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। चेतावनी दी गई कि यदि स्पष्टीकरण समयावधि के उपरान्त प्राप्त होता है एवं असन्तोषजनक पाया जाता है तो विभागीय कार्यवाही/प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदत्त किये जाने हेतु आख्या प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास को प्रेषित कर दी जायेगी।



## महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की सौगात दिवाली से पहले मिलेगी

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को 4 फीसदी महंगाई भत्ता/महंगाई राहत मिलने का काउंट डाउन शुरू हो गया है। सूत्रों की मानें तो डीए/डीआर की दरें बढ़ने का प्रपोजल तैयार हो चुका है। अब इसे केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। सरकारी कर्मियों और पेंशनरों को नवंबर की सेलरी में डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की सौगात नजर आएगी। दीवाली से पहले महंगाई भत्ते/महंगाई राहत में वृद्धि की घोषणा हो सकती है। गत वर्ष केंद्रीय कैबिनेट ने 18 अक्तूबर को महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने को मंजूरी दी थी। डीए/डीआर की दरें, एक जुलाई 2023 से लागू हुई थी। केन्द्र सरकार के 48.67 लाख कर्मचारियों और 67.95 लाख पेंशनभोगियों को लाभ हुआ था। मौजूदा समय में 50 प्रतिशत की दर से डीए/डीआर मिल रहा है। अगर चार फीसदी की बढ़ोतरी होती है तो डीए की दर 54 प्रतिशत हो जाएगी।





1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## हरियाणा में तंवर की घर वापसी

हरियाणा में आज मतदान है, मतदान से कुछ घंटों पहले ही कांग्रेस से भाजपाई बने अशोक तंवर फिर कांग्रेस में चले गये यानी तंवर की घर वापसी हो गयी है। अशोक तंवर कांग्रेस में जाने से पहले हरियाणा में भाजपा की सरकार बनने का दावा एक्स पर पोस्ट लिखकर कर रहे थे, घर वापसी के बाद उन्होंने वह पोस्ट डीलिट कर दी। अशोक तंवर की घर वापसी से कांग्रेस को कुछ लाभ होगा, ऐसा कांग्रेस ही का मानना है, 8 तारीख को पता चल जाएगा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनाएगी या भाजपा। अशोक तंवर, हरियाणा में आया राम गया राम वाली राजनीति लेकर उभर रहे हैं। जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी थी, तब हरियाणा से पार्टी साफ हो गई थी। अब वो कांग्रेस जॉइन कर रहे हैं, तो ऐसा माना जा सकता है कि उन्हें ये लग रहा है कि राज्य में कांग्रेस की वापसी हो रही है। हरियाणा के झज्जर जिले में एक दलित परिवार में जन्मे कांग्रेस नेता अशोक तंवर तीन तारीख की सुबह तक बीजेपी के नेता थे। भारतीय लोकतंत्र को आया राम गया राम नामक बीमारी देने वाले हरियाणा की राजनीति में अशोक तंवर इस खेल के नए खिलाड़ी हैं। किसी भी पार्टी में ज्यादा दिन तक अपने आप को फिट नहीं रख पाते हैं। ज्यादा इज्जत मिलने पर भी उनको बेचैनी होने लगती है। बड़े लोगों की जी हजूरी में उन्हें ज्यादा मजा आता है, इसी मजे के चलते वे राहुल गांधी के बहुत जल्दी खास बने थे और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष का पद हथिया लिया था। अपनी इसी प्रतिभा के बल पर वो बीजेपी में भी बहुत जल्दी खास ओहदा का प्राप्त कर लिया था। हरियाणा बीजेपी के स्टार प्रचारकों में उनका नाम भी शामिल था। बीजेपी ने उन्हें कैंपेन कमेटी का सदस्य भी बनाया था। हरियाणा के भाजपा नेताओं का कहना है कि उन्हें इज्जत रास नहीं आई। अशोक तंवर अपनी पीढ़ी के नेताओं के मुकाबले में कहीं राजनीतिक रूप से समझदार समझे जाते हैं, कम से कम कांग्रेस में जहां अधिकतर ऐसे नेताओं की पूछ होती है, जो किसी न किसी राजनीतिक घराने से रिश्ता रखते हैं। उन्होंने राहुल गांधी और कांग्रेस के अन्य बड़े नेताओं को प्रभावित किया। 2009 में उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में सिरसा से 3,54,999 वोटों के अंतर से चुनाव जीता। हालांकि उसके बाद वो 2019 में सिरसा लोकसभा से ही इनेलो कैंडिडेट के आगे उन्होंने घुटने टेक दिए। इसके बावजूद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नवाजा। हुड्डा समर्थकों से अपमानित होने के बाद अशोक तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ दी। कांग्रेस छोड़ने का समय और फिर कांग्रेस जॉइन करने के समय को देखकर लगता है, कि वो हर उस पार्टी के नेता हैं जिसके पास सत्ता हो। 2019 में जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी उसके बाद हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनी। अब जब सबको ऐसा लग रहा है कि हरियाणा में कांग्रेस वापस आ रही है, उन्होंने मौका देखते हुए फिर कांग्रेस में घर वापसी कर ली है। कांग्रेस छोड़ने के बाद तंवर साल 2022 में आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए थे। इसके पहले कुछ दिनों के लिए तंवर ने टीएमसी भी जॉइन की थी। हालिया लोकसभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी ने तंवर को चुनाव प्रचार समिति का चेयरमैन बनाया था। पर लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अशोक तंवर ने आम आदमी पार्टी को झटका देकर मनोहरलाल खट्टर की मौजूदगी में बीजेपी का दामन थाम लिया था। अशोक तंवर लोकसभा चुनाव में सिरसा सीट से कुमारी सैलजा के खिलाफ बीजेपी के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव नहीं जीत सके।उसके बाद उनका मन बीजेपी में ऊबने लगा और सत्ता सुख लेने के लिए उनका मन एक बार फिर मचल गया, चुनाव से पहले वो कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। अशोक तंवर दलित नेता हैं, लेकिन देखने से, उन्हें कोई दलित नहीं कह सकता, कहते हैं कि बस चुनाव लड़ने के सुरक्षित सीट हथियाने के लिए वो दलित हो जाते हैं। दलित चेहरे के नाम पर ही कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और बीजेपी में उन्हें तवज्जो मिलती रही है और वो अपनी अच्छी जगह बनाने में कामयाब हो जाते हैं। जेएनयू से एमफिल और पीएडी कर चुके अशोक तंवर की शादी देश के पूर्व राष्ट्रपति रह चुके शंकर दयाल शर्मा की नातिनी अवंतिका माकन से हुई है। अवंतिका दिल्ली कांग्रेस के नेता अजय माकन की बेटी हैं। इस तरह अशोक खुद तो दलित हैं पर उनकी ससुराल ब्राह्मण पंजाबी मिक्स फैमिली है। कहने का मतलब है कि सामाजिक हैसियत में भी वो दलित नहीं हैं। पर जब 2019 में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर हुड्डा के समर्थकों में एक रैली के बाद उनके साथ दुर्व्यवहर कर दिया था, कहा यही गया था कि जाटों ने दलित नेता को पीट दिया। हरियाणा चुनाव के लिए प्रचार थमने से कुछ घंटे पहले अशोक तंवर ने राहुल गांधी की जींद रैली में पहुंचकर कांग्रेस का हाथ थाम लिया। अशोक तंवर के राहुल गांधी के मंच पर पहुंचने, पार्टी में शामिल होने का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल हैंडल से पोस्ट किया है। अशोक तंवर की मतदान से पहले कांग्रेस में हुई घर वापसी पर तो खूब वीडियो बन रहे हैं, साथ ही राहुल की घर वापसी शीर्षक से भी वीडियो बन रहे हैं। कई मीडिया संस्थानों में राजनीति पर चर्चा करने वाले वरिष्ठ विशेषज्ञ ने एक वीडियो बनाया उसका शीर्षक रक्खा 'पप्पू जी की घर वापसी का स्वागत कीजिये' इस वीडियो में उन्होंने कहा कि बहुत से लोग अपने अपने हिसाब से कह रहे थे कि राहुल गांधी पप्पू नहीं हैं, लेकिन हरियाणा में उन्होंने जब जलेबी की फैक्ट्री लगाने की हास्यास्पद बातें की, तो साफ हो गया कि वे अपनी पप्पू की छवि में वापस लौट आए हैं। इस वीडियो को साढ़े तीन लाख लोगों ने देखा और पसन्द किया इसके बाद राहुल की वह क्लिप भी खूब देखी गयी, जिसमें वो जलेबी की फैक्ट्री बनवा कर जलेबी को अमेरिका, जापान तक भेजने की बात कर रहे हैं। जलेबी की फैक्ट्री को लेकर भाजपा के कई नेताओं ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाया, इसके बाद भी राहुल अपनी मूढ़ता पर टिके हैं और इस हास्यास्पद बयान पर भी अजीबो गरीब तर्क दे रहे हैं। कमाल यह भी है कि बड़े नेता जलेबी की फैक्ट्री पर चुप हैं, जबकि वे जानते हैं कि जलेबी की फैक्ट्री नहीं हो सकती, जलेबी ताजी ही खाई जाती है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

**"अड़चन" "तालमेल" "सफर" "खेल"**

एक अड़चन खत्म हो तो दूसरी तैयार है,
वो सुखी है जिसने रक्खा झंझटों से तालमेल।
हम सफर हैं मुश्किलें, ये साथ रहती हैं सदा,
मुश्किलों के साथ चल कर खेलिए जीवन का खेल।

# नई मंडी श्रीराम लीला में हुआ ताड़का वध का मंचन

**- भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण नहीं अनुकरण करने से मिलेगा लाभ : अंकुर दुआ**

**- अपने परिवार के प्रति त्याग की भावना सभी को रखनी चाहिए : भीम कंसल**

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** श्री रामलीला भवन नई मंडी में रामलीला मंचन के चौथे दिन का शुभारंभ प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक व भारतीय प्रेस परिषद सदस्य अंकुर दुआ एवं प्रवीण गोयल सहपत्नी मां दुर्गा की आरती व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उद्यमी भीम कंसल ने कहा कि हम देश और समाज की बात नहीं करते, लेकिन कम से कम आप अपने परिवार के प्रति त्याग की भावना रखो। प्रभु श्री राम ने राजमहल त्याग कर वनवास धारण किया। यह देखकर लक्ष्मण ने भी उनके साथ सभी सुख त्याग दिए। गुरूवार को नई मंडी स्थित श्रीराम लीला मंचन के शुभारंभ अवसर पर मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक व भारतीय प्रेस परिषद सदस्य अंकुर दुआ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम परिवार से त्याग की भावना सीखने को मिलती है। उनके परिवार में एक दूसरे के प्रति त्याग करना सभी लोगों को नई भी सीख देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में अनुसरण करने से नहीं अपितु अनुकरण करने से लाभ मिलेगा। आज भाई-भाई का दुश्मन बना है, जबकि भरत ने अयोध्या का त्याग करते हुए भाई के लिए 14 वर्ष तक वनवासियों की तरह ही नंदीग्राम में जीवन बिताया। भरत जी नंदीग्राम में रहते हैं, तो शत्रुघ्न जी उनके आदेश से राज्य संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि भगवान श्रीराम की पत्नी चाहती तो अपने पिता जनक के यहां चली जाती लेकिन, नहीं उन्होंने भी राज घराने के सुखों का त्याग कर दिया। यह देखकर शत्रुघ्न ने अपनी पत्नी श्रुतिकीर्ति से दूरी बना ली। वहीं भरत की पत्नी मांडवी ने भी रघुकुल परंपरा का निर्वहन करते हुए भरत के साथ तपस्वियों जैसा ही जीवन बिताया। तात्पर्य यह है कि बड़े भाई पर संकट आया तो सभी भाइयों ने भी संकट को इस बीच में वरण कर लिया। उन्होंने कहा कि सदैव त्याग करने वाला ही भगवान बनता है, लालच करने वाला नहीं। नई मंडी लीला में गुरूवार की रात्रि में प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण माता कौशल्या से आज्ञा लेकर गुरू विश्वामित्र जी के साथ नगर भ्रमण करते हुए वन की ओर निकले, जहां उन्होंने मार्ग में माता अहिल्या का उद्धार किया। बाद में अहिल्या अपने पति धाम चली गई। वहीं वन में भयंकर ताड़का का प्रभु श्रीराम ने वध किया। रात्रि लीला का मुख्य आकर्षण ताड़का वध का मंचन रहा, जिसे देखने पूरा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा







रहा। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग, आदित्य भरतिया आदि ने अतिथियों का पटके पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सुचारू व्यवस्था बनाने में मुख्य रूप से अभिषेक कुच्छल, विदित गुप्ता, उपेंद्र मित्तल, राजीव अग्रवाल, डॉ. प्रदीप जैन, विनोद संगल, राकेश खंडेलवाल, संजय जिंदल काका, राजेश गोयल, विवेक गर्ग, कुलदीप शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# ना रामानन्द सागर जैसे निर्देशक पुनः जन्म लेंगे और ना रामायण जैसे ऐतिहासिक सीरियल बन पायेंगे : अंकुर दुआ

**- एटूजेड कॉलोनी में एलईडी पर धारावाहिक रामायण का किया गया शुभारम्भ**







**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बुस.)।** गुरूवार को ग्रीन स्टेट श्रीरामलीला कमैटी, एटूजेड कॉलोनी में एलईडी स्क्रीन पर रामायण धारावाहिक का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य व बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ सपत्नीक पूजा दुआ के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए बुलेटिन सम्पादक ने कहा कि राम की मर्यादा का पालन करना तो हम मनुष्यों के बस से बाहर की बात है। राम ने तो माता-पिता की आज्ञा के लिए राज सिंहासन छोड़कर 14 वर्ष खुशी-खुशी वनवास ग्रहण कर लिया था। ऐसे में भरत ने भी उस सिंहासन पर खडाऊ रखकर पूरे 14 वर्ष भगवान राम जैसे भाई की पूजा कर राज्य चलाया, मगर आज भाई-भाई के गड़े ही खत्म नहीं होते। राम त्याग का रूप थे इसलिए भगवान कहलाए। रामायण धारावाहिक पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ना तो रामानन्द सागर जैसे निर्माता और निर्देशक दोबारा जन्म लेंगे और ना ही रामायण जैसे धार्मिक ऐतिहासिक सीरियल दोबारा तैयार हो पायेंगे। रामायण का एक-एक पात्र आज भी वहीं दिखाई पड़ता है, जो सीरियल में दिखाई पड़ता था। पूरे देश में राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोविल को आज तक भी राम ही माना जाता है। ऐसी अदाकारी सिर्फ रामानन्द सागर ही करा सकते थे, जिन्होंने हर पात्र को उसी रूप में उभार कर रख दिया, जिस रूप में वें थे। चाहे वह रूप राम को, चाहे माता सीता का, चाहे लक्ष्मण का, चाहे भरत और शत्रुघ्न का, चाहे हनुमान का और चाहे अंगद, सुग्रीव, नल और नील का हो। यहां तक कि रावण को अरविन्द द्विवेदी के रूप में नहीं जानते थे, इस सीरियल के बाद उन्हें भी शानदार कलाकारी के लिए रावण के रूप में ही देखा गया। कार्यक्रम के शुभारम्भ अवसर पर संरक्षक डॉ. सुरेन्द्र बालियान, सतीश गोयल, कुलदीप गुप्ता, राम अवतार गोयल, अध्यक्ष लवी मित्तल, सचिव गोपाल स्वरूप, कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल, उपाध्यक्ष अमित बालियान, संयोजक योगेश मलिक, सह संयोजक अमित गर्ग, नीरज गर्ग, सुनील जावला आदि मौजूद रहे।

# शक्ति क्लब रामलीला में सजाया गया सीता स्वयंवर





**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बुस.)।** शक्ति क्लब रामलीला में विगत रात्रि धनुष यज्ञ सीता स्वयंवर लीला का मंचन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सुमित गर्ग स्टैंडर्ड फर्नीचर और सुधीर गोयल गोयल आर्ट गैलरी, अंकुर गर्ग, दीपक सेरेमिक भी अतिथि के रूप में रहे। आज परशुराम जी का रोल निदेशक नवनीत वर्मा, रावण गौरव, लक्ष्मण वैभव शर्मा, बाणासुर उज्जवल कश्यप, पेटू राजा राहुल पांचाल, जनक रविंद्र कश्यप, सुनैना देवपाल, जानकी जी निशांत इसके अलावा साधु व दुष्ट राजा, ओमपाल कश्यप, आशीष, उमेश चौरसिया, मिडिया प्रभारी पंडित नवनीत कौशिक, अशोक शर्मा, संजीव दीक्षित, नीरज शर्मा, सुशील पाल, नितिन अरोरा, अक्षय सनी, अगम रामायण वाचक, दुर्गेश्वरी पाल, हारमोनियम योगेश वाल्मीकि, ढोलक नीतू वाल्मीकि के सहित क्षेत्र की सैकड़ों जनता ने भाग लिया। परशुराम का संवाद इतना मनमोहक रहा कि दर्शक रात के 1:00 बजे तक रामलीला में जमे रहे। पुलिस प्रशासन का भी अच्छा सहयोग रहा।

# पीएम नरेन्द्र मोदी बोले- वैश्विक अनिश्चितता के बीच तेजी से बढ़ रहा भारत




**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया संघर्ष का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन में ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया के दो बड़े क्षेत्रों में युद्ध की स्थिति बनी हुई है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी जीडीपी के साथ सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। पीएम ने कहा कि सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन हमारा मार्गदर्शक मंत्र है। जब लोगों का जीवन बदल जाता है, तो वे अपने देश में विश्वास करना शुरू कर देते हैं। फिर वही बात उनके जनादेश में दिखती है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास ही हमारी ताकत है। हम भारत की भलाई के लिए और अधिक संरचनात्मक सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी प्रतिबद्धता है कि भारत को विकसित बनाने के लिए हम लगातार संरचनात्मक सुधार करते रहेंगे। भारत में समावेशी विकास हो रहा है। इसके चलते पिछले 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारत की वृद्धि का लाभ सभी को मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक नेता और वित्तीय विशेषज्ञ भारत के विकास की गति को देख रहे हैं। निवेशक मान रहे हैं कि भारत में निवेश का यह सही समय है। यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि हमारी ओर से पूर्व में किए गए सुधारों का परिणाम है। पीएम ने कहा कि बीते दशक में हमने बुनियादी ढांचे पर निवेश को अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ाया है। भारत के प्रक्रिया सुधार ने सरकार की गतिविधियों का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए हम पीएलआई (प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव) लाए। पीएलआई के कारण 1.25 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। अंतरिक्ष क्षेत्र में अब 200 से अधिक स्टार्टअप हैं। भारत मोबाइल फोन के आयातक से उत्पादक बन गया है। भारत में हर क्षेत्र में निवेश के प्रचुर अवसर हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही भारत के पांच सेमीकंडक्टर प्लांट दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में लगाए जाएंगे और मेड इन इंडिया चिप्स दुनिया तक पहुंच सकेंगे। पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत पहले दिन ही 111 कंपनियों ने पोर्टल पर रजिस्टर किया है। इस स्कीम के तहत हम एक करोड़ युवाओं को बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप में मदद कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि इस वर्ष के बजट में हमने युवाओं के कौशल विकास और इंटर्नशिप के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की है। केवल 10 वर्षों में भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स रैंकिंग में 81वें से 39वें स्थान पर पहुंच गया है।

# एसडी पब्लिक जूनियर विंग में "सक्षम-ए-प्राइज्ड मार्निंग" का आयोजन



**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बुस.)।** खेलों का महत्व कई पहलुओं में देखा जा सकता है, चाहे वह शारीरिक या मानसिक विकास हो या फिर सामाजिक या नैतिक विकास हो। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारे जीवन में अनुशासन, टीमवर्क, और स्वस्थ जीवनशैली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में खेल उत्सव "सक्षम-ए- प्राइज्ड मार्निंग" (अनमोल प्रभात) का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इसमें कक्षा चतुर्थ के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रतिभाग लिया। डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना, विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। डॉयरेक्टर चंचल सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों एवं अभिभावकों की प्रेरणा तथा घर एवं विद्यालय के वातावरण का संबल विद्यार्थियों को सक्षम बनाता है। हमारे नन्हे-मुन्ने बच्चे अपने प्रदर्शन द्वारा इसे सार्थक कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य न केवल छात्रों को शैक्षणिक दृष्टि से सशक्त बनाना है, बल्कि उनके समग्र विकास के लिए उन्हें खेलों में भी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करना है और हर प्रकार से सक्षम बनाना है। खेल दिवस के माध्यम से छात्रों में खेल भावना से अनुशासन, और टीम वर्क को बढ़ावा मिलता है। छात्र-छात्राओं ने खेल प्रतिज्ञा लेकर खेल प्रदर्शन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कबड्डी, क्रिकेट, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज, कैरम बोर्ड आदि खेलों में पूरे जोश और उमंग के साथ भाग लिया। विद्यालय के खेल शिक्षकों राजीव सक्सेना, शिवम कुमार, शिवानी चौधरी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने खेलों का नियमित अभ्यास करके शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विद्यालय में होने वाली विभिन्न गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सुरेश भूटानी, हुमा शमीम, चेतना सेठी एवं मिली मित्तल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कक्षा चतुर्थ के सभी कक्षाध्यापक एवं कक्षाध्यापिकाओं का विशेष सहयोग रहा। विंग इंचार्ज डॉ. रचना जैन ने इस अवसर पर सभी छात्रों को बधाई दी तथा विद्यार्थियों को खेलों के महत्व के बारे में बताया और कहा कि सक्षम खेल उत्सव विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास का एक हिस्सा है। खेल जीवन के हर पहलू को समृद्ध बनाते हैं और संतुलित एवं स्वस्थ जीवन जीने में मदद करते हैं। अभिभावकों ने विद्यालय में उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उनकी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

# बिजली शट डाउन से बिलबिला गये लोग

**बुढ़ाना, 4 अक्टूबर (बु.)।** विद्युत पारेषण खंड शामली के अन्तर्गत 132 केवी उपकेन्द्र बुढ़ाना पर क्षमता वृद्धि कार्य के लिए 33 केवी पोषकों के दो दिनों के छह-छह घंटे के शटडाऊन ने कस्बे और क्षेत्र के लोगों की हालत खस्ता करके रख दी, जिसमें बुढ़ाना बिजलीघर के साथ साथ चंधेड़ी बिजलीघर, मिंडकाली बिजलीघर, वैल्ली बिजलीघर, अटाली बिजलीघर और अलीपुर अटेरना बिजलीघर। जिसमें बीती 03 अक्टूबर और आज शुक्रवार को सुबह के नौ बजे से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक का शटडाउन लिए जाने की सूचना दी, लेकिन गांव जौला में बिना किसी सूचना के आज शुक्रवार सुबह 8 बजे से बड़े बिजलीघर का भी किसी समस्या के कारण शटडाउन कर दिया गया और जुमा होने की वजह से पौने 03 बजे लाइट के दर्शन हुए। तब तक जुमे की नमाज से सभी फ्री हो गये थे। कुल मिलाकर लाइट के नहीं आने से बहुत समस्या का सामना करना पड़ा, जिसके कारण पशुओं और नमाजियों के लिए चारा पानी की भी समस्या बनी रही।

# माता वैष्णो के दरबार में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, 44,500 भक्तों ने लिया आशीर्वाद



**कटड़ा, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन वीरवार को माता वैष्णो देवी के दरबार में संगत का सैलाब उमड़ा। देश-विदेश से पहुंचे 44500 भक्तों ने दरबार में शीश नवाया। माथा टेककर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पंजीकरण कक्ष के अनुसार इससे पहले बुधवार को करीब 45200 श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में हाजिरी लगाई थी। भवन पर अटका स्थल की पवित्र गुफा परिसर और अर्धकुंवारी मंदिर की गर्भ गुफा परिसर में सुबह-शाम दिव्य आरती की गई। इसमें देशभर से आ रहे श्रद्धालु भी शामिल हुए और मां वैष्णो देवी की स्तुति की। नवरात्र को लेकर मां वैष्णो देवी भवन परिसर के साथ ही पवित्र प्राचीन गुफा परिसर, अर्धकुंवारी मंदिर परिसर, भैरव मंदिर प्रांगण, बाणगंगा मंदिर और सभी प्रवेश द्वारों को भव्य रूप से सजाया गया है। यहां उत्सव जैसा माहौल है। हर तरफ मां के जयकारे गूंजायमान हो रहे हैं। पहले नवरात्र पर हेलिकॉप्टर, बैटरी, कार सेवा और रोपवे सेवा श्रद्धालुओं को उपलब्ध रही। दिन भर मौसम साफ रहा। अग्रिम बुकिंग करवा चुके श्रद्धालु लगातार इन सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं। कई श्रद्धालु तत्काल लाभ के लिए श्राइन बोर्ड के निहारिका कांप्लेक्स के पूछताछ केंद्र से संपर्क करते दिखे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्राइन बोर्ड ने सुबह पांच बजे ही सभी 47 पंजीकरण केंद्र खोल दिए। मुख्य यात्रा पंजीकरण केंद्र मुख्य बस स्टैंड पर है। रेलवे स्टेशन कटड़ा परिसर, कटड़ा हेलीपैड, श्राइन बोर्ड के निहारिका परिसर, नए ताराकोट मार्ग के प्रवेश द्वार, जम्मू एयरपोर्ट और जम्मू रेलवे स्टेशन के पास वैष्णवी धाम में पंजीकरण केंद्र स्थापित हैं।

**नाम पंजीकृत सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकृत सं.11378 दिनांक 26/11/2011 में नियमों की जानकारी न होने के कारण नाम पंजीकरण नहीं हो सका है। मेरी पुत्री का वास्तविक नाम अनिष्का सैनी (ANISHKA SAINI) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। उपरोक्तानुसार पंजीकरण शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

**वर्षा रानी पत्नी भारत कुमार**
भारत कुमार पुत्र श्री भूषण कुमार
707, इन्द्रा कॉलोनी, मुजफ्फरनगर
M:9917015688

# ऐप सक्सेसफुल दिखाता है, पर खाते में नहीं आते पैसे

**- एक दुकानदार को 14 हजार की चपत लगा चुका गैंग**

**बुढ़ाना, 4 अक्टूबर (बु.)।** कस्बे और क्षेत्र के कुछ व्यापारियों के साथ एक नया स्कैम लगातार चल रहा है, जिसमें गैंग से जुड़े कुछ ठग इन व्यापारियों को अब तक करोडों रुपए की चपत लगा चुके हैं। ये मामला फर्जी यूपीआई से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। बुढ़ाना कस्बे की चांद मस्जिद वाली गली में एक सरगना यह गैंग चला रहा है। इस गैंग में नाबालिग किशोरों को लालच देकर जोड़ा जा रहा है और उनसे यह स्कैम कराया जा रहा है। इस गैंग की मदद एक दलाल कर रहा है, जो अपने आपको पुलिस का खास आदमी भी बताता है। ये फर्जी यूपीआई ऐप व्यापारियों को स्कैनर पर उनके पेमेंट को सक्सेसफुल दिखाता है, लेकिन खाते में पैसे नहीं आते और तो और फर्म का नाम तक आता है। उदाहरण के तौर पर किसी फर्म का नाम बिग बाजार है और फ्रॉड गैंग उस पर पैसे डालेगा, तो बिग बॉस फर्म का नाम भी आएगा और जितना पेमेंट किया है, वो भी सक्सेसफुल दिखाएगा। यह गैंग मोहल्ला नई बस्ती में स्थित एक छोटी सी किरयाना की दुकान पर 14 हजार रुपये की चपत लगा चुका है। यहां यह गैंग तब ही पकड़ा गया, जब गैंग को किरयाना स्वामी ने आड़े हाथों लिया, तो उक्त गैंग के सरगना ने अपना स्कैम कबूल किया और पैसे वापस देने की बात कही। उक्त मामले में आश्चर्य की बात ये है कि उक्त गैंग मौहल्ले की एक छोटी सी दुकान पर हजारों रुपए की चपत लगा चुका है, तो उक्त गैंग ने बड़े प्रतिष्ठानों पर क्या जुल्म ढाह रखे होंगे। जल्द ही व्यापारी इस संबंध में सीओ से मिलकर गैंग के खुलासे की मांग करेंगे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले शख्स की हादसे में मौत

**बिजनौर, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** बिजनौर जनपद के रेहड़ में मार्निंग वॉक पर गए युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है। नौशाद (40) पुत्र महबूब सलमानी निवासी रेहड़ शुक्रवार की सुबह हाईवे किनारे टहलने गया था, जहां अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।दुर्घटना में नौशाद गंभीर घायल हो गया।दुर्घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर घायल को पीएचसी कासमपुरगढ़ी पर भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने उसे मृतक घोषित कर दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह से पूर्व मेरा नाम रमा अग्रवाल था, जो विवाह के पश्चात बदलकर मैंने मानवी गोयल कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**मानवी गोयल पत्नी मनीष कुमार गोयल**
59-C, नई मंडी, मुजफ्फरनगर

# उच्च न्यायालयों को अपने पहले के आदेशों को बदलने का अधिकार है या नहीं, तय करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह खुली अदालतों में उच्च न्यायालय द्वारा सुनाए गए फैसलों को रद्द करने के मुद्दे पर नया नियम बनाएगा। यानी उच्चतम न्यायालय यह तय करेगा कि उच्च न्यायालयों को अपने पहले के आदेशों को बदलने का अधिकार है या नहीं। दरअसल, शीर्ष अदालत के सामने एक मामला सामने आया, जिसमें मद्रास उच्च न्यायालय ने एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के खिलाफ धनशोधन के मामले को रद्द कर दिया था। लेकिन बाद में अपने आदेश में संशोधन कर मामले की फिर से सुनवाई की। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी एम.एस. जाफर सैट के खिलाफ धनशोधन के मामले की कार्यवाही को रद्द किया। यह मामला तमिलनाडु आवास बोर्ड के भूखंडों के आवंटन से जुड़ा था। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 22 नवंबर तय की है। जाफर सैट ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके मामले पर कुछ ही दिनों के भीतर दोबारा सुनवाई हुई, जबकि पहले उनकी याचिका को मान्यता दी गई थी।

## कैदियों को भी गरिमा के साथ जीने का अधिकार, सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 4 अक्टूबर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 'सम्मान के साथ जीने का अधिकार कैदियों को भी है' और कैदियों को इससे वंचित करना उपनिवेशवादियों और उपनिवेश-पूर्व तंत्र दशार्ता है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गुरुवार को दिए गए ऐतिहासिक फैसले में यह टिप्पणी की। पीठ ने कैदियों के प्रति जाति आधारित भेदभाव, जैसे शारीरिक श्रम का विभाजन, बैरकों का विभाजन आदि पर रोक लगा दी। पीठ ने उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश सहित 10 राज्यों के कुछ आपत्तिजनक जेल मैनुअल नियमों को असंवैधानिक करार दिया। सीजेआई ने 148 पन्नों का फैसला लिखते हुए संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव का निषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और 23 (जबरन श्रम के खिलाफ अधिकार) के तहत मौलिक अधिकारों का जिक्र किया।

# नगरपालिका में चली तबादला एक्सप्रेस, नौ लिपिक इधर-उधर

**- कन्या विद्यालय से रूचि शर्मा एसबीएम में करेंगी काम, विकास जलकल स्टोर से हटाए गए - ओमबीर सिंह को अब भेजा उनके मूल जलकल विभाग**

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** नगरपालिका परिषद् की बेपटरी व्यवस्था में सुधार के साथ मठाधीश बने बाबूओं को ड्यूटी के प्रति सजग करने की दिशा में शुरू कवायदों के बीच चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने शुक्रवार को फिर से 9 लिपिकों का तबादला किया है। तबादलों की इस स्थिति में जहां निर्माण विभाग लिपिक ओमवीर सिंह को रिटायरमेंट से पूर्व उनके मूल विभाग जलकल में भेज दिया, वहीं निर्माण विभाग में दो नए लिपिकों को तैनात किया है। कन्या विद्यालय से रूचि शर्मा को एसबीएम में लगाया है, वहीं जलकल स्टोर से विकास कुमार को हटाया गया। पालिका परिषद् में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने नौ लिपिकों के पटलों में शुक्रवार को बदलाव करते हुए सख्ती के संकेत दिए हैं। तमाम शिकायतों के बीच में जांच का सामना कर रहे निर्माण विभाग लिपिक ओम वीर सिंह का तबादला पालिका में चर्चा में है। ओमवीर सिंह को पहले प्रभारी कार्यालय अधीक्षक के अतिरिक्त कार्यभार से हटाया था और अब निर्माण विभाग से उन्हें हटा दिया है। उन्हें चेयरपर्सन ने निर्माण विभाग से अनुभागीय मुख्य लिपिक पद से हटाते हुए उनके मूल पद जलकल विभाग में भेजते हुए निर्देश दिए हैं कि वो सहायक अभियंता जलकल सुनील कुमार के निर्देशन में कार्य करेंगे। उधर, ओमवीर सिंह का कहना है कि उन्होंने चेयरपर्सन को स्वयं पत्र लिखकर मूल विभाग में स्थानांतरित करने का आग्रह किया था। दिसम्बर माह में वो सेवानिवृत्त हो रहे हैं। तबादलों के बीच में स्वास्थ्य विभाग के स्टोर लिपिक अशोक ढींगरा व गृह कर से मनोज कुमार को निर्माण विभाग में भेजा गया। वहीं निर्माण विभाग लिपिक मैन पाल को स्टोर लिपिक स्वास्थ्य विभाग बनाया है। नगरपालिका कन्या इण्टर कॉलेज से लिपिक रूचि शर्मा को एसबीएम पर तैनात कर फील्ड वर्क में जिम्मेदारी दी है। गृह कर लिपिक मोहन वेद को एसबीएम में समस्त लिपिकीय कार्य करने का अतिरिक्त दायित्व दिया है। वहीं एसबीएम लिपिक आकाशदीप को एमबीएम में अब पोर्टल फीडिंग कार्य सौंपा गया है। जलकल स्टोर के लिपिक विकास कुमार को हटाते हुए गृह कर विभाग में तैनात किया है। वहीं नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज लिपिक वैभव गुप्ता का तबादला करते हुए जलकल स्टोर में तैनाती के साथ कन्या विद्यालय में प्रधानाचार्या को निर्देशित किया है कि कॉलेज में वैभव गुप्ता द्वारा कराया जा रहा कार्य किसी अन्य कर्मचारी से संपादित करायेंगी।

